आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)

बोर्ड की बैठक और अंतरिम लाभांश के लिए रिकॉर्ड तारीख की सूचना

सूचीकरण करार के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 25 जनवरी, 2012 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ 31 दिसम्बर, 2011 को समाप्त तीसरे तिमाही के गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन और रिकार्ड पर लेने तथा वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए कंपनी की इक्विटी शेयर पूंजी पर अंतरिम लाभांश, यदि हो तो, की घोषणा पर विचार किया जाएगा।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 154 के अनुसरण में, कंपनी ने अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के प्रयोजन से **मंगलवार, 31 जनवरी, 2012** को **'रिकॉर्ड तारीख'** के रूप में निर्धारित किया है, यदि बोर्ड द्वारा लाभांश की घोषणा उक्त बैठक में की जाती है।

अंतरिम लाभांश की घोषणा किए जाने पर इसका भुगतान उन पात्र सदस्यों या उनके द्वारा निर्दिष्ट व्यक्तियों को किया जाएगा, जिनका नामः-

(क) नेश्नल सिक्योरिटीज डिपोजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया)लिमिटेड (ऍडीएसएल) द्वारा जारी इलेक्ट्रोनिक/डिमेट फार्म में रखे गए शेयरों के मामले में प्रस्तुत की जाने वाली **लाभग्राही सूची** के अनुसार, **31 जनवरी, 2012** को व्यवसाय के घंटे समाप्त होने तक लाभग्राही स्वामी के रुप में आता है; और

(ख) **31 जनवरी, 2012** को व्यवसाय के घंटे की समाप्ति पर या इससे पूर्व भौतिक रूप से अंतरित सभी मान्य शेयर को वैध बनाने के बाद कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में सदस्य के रूप में आता है।

डिमेटिरियलाइज्ड शेयरों के मामले में अंतरण हेतु अनुरोध, पते में परिवर्तन की सूचना, बैंक संबंधी ब्यौरे, पीएएन (PAN) और ईसीएस के ब्यौरे संबंधित शेयरधारकों के जमाकर्ता प्रतिभागी को भेजे जाने चाहिए। भौतिक रूप से धारित शेयरों के संबंध में उपर्युक्त ब्यौरे **31 जनवरी, 2012** को अथवा इससे पहले कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर भेजे जाएः

कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड
यूनिटः रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
17-24, विट्टल राव नगर, माधापुर, हैदराबाद-500081, आंध्र प्रदेश

दावारहित लाभांश

जिन सदस्यों ने गत वर्षो के लाभांश वारंट अभी नहीं भुनाए हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे कंपनी रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट (आर एंड टीए), मेसर्स कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद, को लिखित में संपर्क करें और उनका भुगतान प्राप्त करें।

कृते एवं की ओर से
रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड
ह./-
(राकेश कुमार अरोड़ा)
महाप्रबंधक (वि. एवं ले.) एवं कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 16.01.2012

पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कांप्लेक्स, 7, लोदी रोड़, नई दिल्ली–110003, फोनः 24365161,
फैक्सः 24360644, ई–मेलः reccorp@recl.nic.in, वेबसाईटः www.recindia.nic.in